## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में करेंगे उच्चस्तरीय बैठक, विधि व्यवस्था की स्थिति की करेंगे समीक्षा।
2. देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य में विशेष सतर्कता, सरकार ने रद्द की डॉक्टरों की छुट्टियां, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर जांच शुरु करने के निर्देश।
3. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, पलामू में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने और आधा दर्जन के घायल होने की खबर।
4. जैक की मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आज होगा घोषित, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दिन के साढ़े ग्यारह बजे जारी करेंगे रिजल्ट।
   और
5. हरियाणा में आयोजित सब जूनियर बालक–बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन झारखंड की पहलवान स्नेहा कुमारी ने 49 किलोग्राम भार वर्ग में जीता कांस्य पदक।

****************

राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, गृहसचिव, डीजीपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर 16 एजेंडों पर समीक्षा की जाएगी।

****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने रांची में कोरोना के एक मरीज की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य महकमा को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। एहतियाती कदम उठाते हुए सरकार ने राज्य में डाक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इसके साथ ही एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर स्टैटिक सेंटर बनाकर जांच शुरु करने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी सिविल सर्जन को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि घबराने की कोई जरुरत नहीं है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

****************

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए विश्व नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। शिष्टमंडल ने विभिन्न देशों का दौरा कर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति को मजबूती से रखा है। एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल हैं। उन्होंने कुवैत में भारतीय प्रवासियों को भारत को अस्थिर करने के पाकिस्तान के प्रयासों से अवगत कराया।

****************

रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित पीवीयूएनएल पावर प्लांट को चालू करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में उपायुक्त ने एक बैठक की। बैठक में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशनलाल चौधरी के अलावा संबंधित गांवों के ग्रामीण भी शामिल हुए। बाद में श्री जायसवाल ने कहा कि पीवीयूएनएल पावर प्लांट को चालू करने में आ रही समस्याओं के निराकरण को लेकर कदम उठाये जा रहे हैं।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस और सुरक्षाबलों को लगातार सफलता मिल रही है। पलामू जिले के हैदरनगर–मोहम्मदगंज के सीमावर्ती इलाके में स्थित सीताचुआं में कल रात सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। आधा दर्जन से अधिक नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख बाकी नक्सली जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

****************

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक द्वारा मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा आज की जाएगी। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दिन के साढ़े ग्यारह बजे जैक सभागार में रिजल्ट जारी करेंगे। मौके पर स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह भी मौजूद रहेंगे। रिजल्ट जारी होते ही छात्र–छात्राएं जैक रिजल्ट डॉट कॉम या जैक डॉट झारखंड डॉट गोव डॉट इन पर इसे ऑनलाइन देख सकेंगे। छात्र एसएमएस के माध्यम से भी अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

****************

गोड्डा जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र में 19 मई को ग्राम प्रधान हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेन कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि इस सिलसिले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जमीन संबंधी एक मामले में हस्तक्षेप करने के कारण दूसरे पक्ष के लोगों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

साउंड बाइट– पुलिस अधीक्षक, ऑन हत्या खुलासा–26 सेकेंड

****************

धनबाद की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बैंक मोड़ फ्लाई ओवर से फिलहाल आवागमन बाधित रहेगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाइट–दीपक, धनबाद–31 सेकेंड

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- राज्य में खराब मौसम का असर हवाई सेवा पर भी पड़ा है। खराब मौसम के कारण कल रांची एयरपोर्ट पर नौ विमान देरी से पहुंचे।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने सड़क सुरक्षा तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावकारी बनाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में अभियान शुरू किया है। इसके तहत वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है।
- सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो आज सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा। इसमें पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, सांसद, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

****************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 29 और 30 मई को राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 29 मई को गुमला, सिमडेगा, खूंटी और चाईबासा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं 30 मई को राजधानी रांची सहित संताल परगना के कई हिस्सों में तेज बारिश का अनुमान है। विभाग ने एक जून तक राज्य के विभिन्न इलाकों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****************

हरियाणा के पलवल में आयोजित सब जूनियर बालक–बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन झारखंड की पहलवान स्नेहा कुमारी ने 49 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है। स्नेहा ने पंजाब की पहलवान को हराकर यह सफलता हासिल की। स्नेहा की इस सफलता पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर और खेल निदेशक संदीप कुमार समेत अन्य खेल पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लातेहार में पुलिस मुठभेड़ में इनामी नक्सली के मारे जाने की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रदेश में 20 डीसी बदले, रॉनिटा खूंटी की उपायुक्त।

दैनिक भास्कर लिखता है– शराब घोटाले में ईडी की हुई एंट्री, एसीबी का केस ईसीआईआर में जोड़ा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– विनय चौबे के रिश्तेदार समेत पांच से एसीबी करेगी पूछताछ।

दैनिक जागरण ने लिखा है– तरलोक सिंह चौहान बनेंगे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात दौरे के पहले दिन पाकिस्तान पर जमकर हमला बोलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त***********